दैनिक भास्कर

दिनांक - 09/02/2022

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

छात्रा रेखा और टीना की टीम रही विजेता

भास्कर न्यूज़ | कनीना

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत मंगलवार को सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने की।

प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में समय-समय पर विभिन्न विषयों की प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताएं कराकर छात्राओं को विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाती है, किंतु इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न विषयों की जानकारी देकर उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, क्योंकि वर्तमान युग की नई शिक्षा नीति भी विभिन्न विषयों के अंतर संबंध पर आधारित होने जा रही है। प्रतियोगिता में क्विज़ मास्टर की सराहनीय भूमिका बीकॉम की छात्रा नेहा ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टीम बी की छात्राएं रेखा तथा टीना रही तथा द्वितीय स्थान पर टीम सी की छात्राएं अंतिका व लक्ष्मी तथा तृतीय स्थान पर टीम ई की छात्राएं शानू व प्रीति रही। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन राशि व प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजिका कविता ने इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर, डॉ. सीमा, डॉ. अंकिता यादव, नीतू, सजेश कुमार, सोमेश, अरुण, अनिल, मोनू, कंवर सिंह, पूनम सहित अन्य स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थित रही।